भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या: *292

दिनांक 07 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

बिहार में अभिघात केंद्र की स्थापना

†*292. श्री गिरिधारी यादव:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विशेषकर बिहार सहित देश में अभिघात केन्द्रों के अभाव के कारण सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले अधिकांश व्यक्तियों की मृत्यु हो जाती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार विशेषकर बांका जिले सहित बिहार के प्रत्येक जिला मुख्यालय में एक अभिघात केंद्र स्थापित करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो इसके लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री

(श्री जगत प्रकाश नड्डा)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

दिनांक 07 अगस्त, 2026 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *292 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (घ): "राष्ट्रीय ट्रॉमा और बर्न इंजरी निवारण एवं प्रबंधन कार्यक्रम" (एनपीपीएमटी एवं बीआई) के तहत, देश भर के सरकारी अस्पतालों/ मेडिकल कॉलेजों में 196 ट्रॉमा परिचर्या केंद्र (टीसीएफ़) स्वीकृत किए गए हैं। कुल 196 में से 09 टीसीएफ़ बिहार में स्वीकृत किए गए हैं (अनुलग्नक- I)।

स्वास्थ्य राज्य का विषय है। राज्य में ट्रॉमा परिचर्या केंद्रों का सुदृढीकरण राज्य की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जैसा कि राज्य द्वारा सूचित किया गया है, बिहार सरकार ने ट्रॉमा परिचर्या सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए अधिसूचित ट्रॉमा केंद्रों का एक नेटवर्क स्थापित किया है। वर्तमान में, सभी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों को स्तर-II के ट्रॉमा केंद्र के रूप में अधिसूचित किया गया है और दिनांक 30.12.2020 की अधिसूचना के माध्यम से जिला अस्पताल बांका सहित सभी जिला अस्पतालों को ट्रॉमा परिचर्या सुविधाएँ प्रदान करने के लिए स्तर-III के ट्रॉमा केंद्र के रूप में अधिसूचित किया गया है। सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को ट्रॉमा सुविधाएँ प्रदान करने के अतिरिक्त, राज्य सरकार ने बिहार के विभिन्न जिलों में राष्ट्रीय राजमार्गों के निकट स्थित 11 जन स्वास्थ्य केंद्रों को स्तर-III के ट्रॉमा सेंटर के रूप में चिन्हित किया है, जिनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रजौन, बांका, बिहार शामिल है।

अनुलग्नक–I

<u>एनपीपीएमटी एवं बीआई के तहत बिहार में स्थापित ट्रॉमा परिचर्या केंद्र</u>

(i) सिविल अस्पताल, किशनगंज

(ii) जिला अस्पताल, पूर्णिया

(iii) सिविल अस्पताल, मधेपुरा

(iv) दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दरभंगा

(v) एस.के. मेडिकल कॉलेज अस्पताल, मुजफ्फरपुर

(vi) सिविल अस्पताल, गोपालगंज

(vii) सिविल अस्पताल, झंझारपुर

(viii) सदर अस्पताल, सासाराम, रोहतास

(ix) एएन मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया

*****